प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.07.2024 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रदेश में ढांचागत परियोजनाओं के विकास के लिए राज्य सरकार और हुडको के बीच एक लाख करोड़ रूपये का एमओयू–
- जैसलमेर में 400 मेगावाट सौर ऊर्जा संयत्र से आज से बिजली उत्पादन हुआ शुरू– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया वर्चुअली शुभारम्भ।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा –रेल्वे को 2 लाख 62 हजार करोड़ रूपये से अधिक का मिला बजट–राजस्थान को रिकॉर्ड फंड मिलने पर जताई प्रसन्नता।
- प्रदेश में मॉनसून की बारिश का दौर जारी–आज भी कई स्थानों पर अच्छी बरसात।

00000

राज्य सरकार और हाउसिंग एण्ड अरबन डवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लि.–हुडको के बीच आज ढांचागत परियोजनाओं के विकास के लिए एक लाख करोड़ रूपये का एमओयू किया गया। एमओयू के तहत हुडको आगामी पांच सालों के लिए पानी, सिंचाई और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए सालाना बीस हजार करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध करायेगा। जयपुर में हुए कार्यक्रम में हुडको द्वारा जल जीवन मिशन के लिए राज्य सरकार को 1 हजार 577 करोड़ रूपये का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा, पेयजल और सिंचाई के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 28 हजार 500 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा और 3 हजार 325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाओं के लिए 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश के लिए एमओयू हो चुके है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल तथा ऊर्जा राज्य मंत्री हीरा लाल नागर और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

00000

जैसलमेर में 400 मेगावाट सौर ऊर्जा संयत्र से आज से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर से इसका वर्चुअली शुभारम्भ किया। इस संयत्र के शुरू होने के बाद प्रदेश में साढ़े तीन सौ करोड़ रूपये की बिजली बचत हो सकेगी। ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने बताया कि इसके अतिरिक्त 200 मेगावाट का उत्पादन अक्टूबर तक शुरू हो जायेगा। इन दोनो संयत्र से राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में बढोतरी होगी।  और राजस्थान डिस्कॉम को सस्ती दर पर बिजली आपूर्ति हो सकेगी। गौरतलब है कि ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में अग्रणी कंपनी रिन्यू द्वारा जैसलमेर में सौर ऊर्जा संयत्र शुरू किया गया हैं। कंपनी द्वारा कुल 5 हजार 500 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की जायेगी। इसके अलावा जयपुर के महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में भी 4 गीगावाट क्षमता का संयत्र लगाया जायेगा।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य के परिवर्तित बजट में प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा गरीब के उत्थान को लक्ष्य में रखते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। आज बजट घोषणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित करने कोटा, ब्यावर और जैतारण से आये लोगों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य है प्रदेश का कोई क्षेत्र विकास से अछूता ना रहे। श्री शर्मा ने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने संकल्प पत्र के वादों को गिनाते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे तथा संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने आये तीनों जिलों के जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित लोगों और आमजन को आश्वस्त किया कि सभी घोषणाओं को समय पर पूरा किया जायेगा।

00000

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने आम बजट में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव बरतने के आरोप को खारिज किया है। आज राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेतृत्व में विपक्ष लगातार यह प्रयास कर रहा है कि विपक्षी दलों वाले राज्यों को बजट में कुछ नहीं दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी बजट में हर राज्य का नाम नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर किसी विशेष राज्य का नाम बजट भाषण में न लिया गया हो तो इसका मतलब यह नहीं कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उन राज्यों को नहीं मिलेगा।

00000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल्वे को 2 लाख 62 हजार करोड़ रूपये से अधिक का बजट मिला है। इस राशि से रेलवे सुरक्षा और ढांचागत विकास के लिए भी काफी काम किया जायेगा। आज वीडियो कांफ्रेंन्सिंग के जरिये मीडिया को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि बजट में राजस्थान को 9 हजार 959 करोड़ रूपये का फंड आंवटित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 51 हजार 814 करोड़ रूपये की **रेल** परियोजनाएं चल रही है।

......

रेल मंत्री ने बताया कि 85 स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दस सालों में लगभग डेढ हजार फ्लाईओवर और अंडर पास बनाये गये है। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेल्वे के महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि पहले से चल ही परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेल्वे के लिए ज़मीन अधिग्रहण के **काम** में तेजी आई है।

......

000**00**

प्रदेश में कई स्थानों पर अच्छी बारिश के समाचार है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन आज बीकानेर, सीकर से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में जबकि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी चार–पांच दिन तक बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। भीलवाड़ा जिले में आज कई जगह मूसलाधार बारिश हुई। जिले के गुलाबपुरा, मांडल और आसिंद में हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।

............

वहीं टोंक में भी दोपहर बाद हुई तेज बारिश से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। दौसा में भी आज तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। वहां मॉनसून की पहली मूसलाधार से लोगों को उमस और तेज गर्मी से छुटकारा मिला।

.....

भरतपुर में भी करीब आधे घंटे तक हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। चूरू में भी आज हुई अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी जयपुर में भी सुबह से ही कई इलाकों में रूक–रूक कर

बारिश का दौर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। कोटा, उदयपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में भी बारिश का पूर्वानुमान है।

0000

कारगिल युद्ध की जीत के 25 साल पूरा होने के सिलेसिले में जयपुर सैन्य स्टेशन पर आज पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण–पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमान्डिंग इन चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्द्र सिंह ने कारगिल वीरो को श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होंने भारतीय जवानों के असाधारण धैर्य, साहस की प्रशंसा करते हुए बताया कि सप्त शक्ति कमान द्वारा 21 से 26 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इनमें वृक्षारोपण, सैन्य उपकरण प्रदर्शनी, प्रेरक फिल्मों का प्रदर्शन, वीरता पुरस्कारों और युद्ध स्मारकों का दौरा जैसे आयोजन प्रमुख हैं।

0000

बीकानेर जिले से लगती भारत–पाक अंतराष्ट्रीय सीमा पर पुलिस की स्पेशल टीम और बीएसएफ़ के संयुक्त अभियान में 4 किलो हेरोइन पकड़ी गई है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने ये जानकारी देते हुए बताया कि 33–एपीडी की रोही, 30–एपीडी गाँव और अनूपगढ़ में चलाये गये संयुक्त ऑपरेशन में ये बरामदगी हुई। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के 237 आर आंव की तरफ से ड्रोन के जरिये ये पैकेट भारतीय सीमा में गिराये गये। पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने इसके बाद से सीमा पर तलाशी अभियान शुरू किया है।

00000

बूंदी में आज जिलास्तरीय वन महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान बरधा बांध स्थित लवकुश वाटिका पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बडी संख्या में आमजन **ने** पौधरोपण किया। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि जिलेभर में 15 लाख पौधो लगाये जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

00000

झालावाड़ में आमजन को अंगदान के बारे में जागरुक करने के लिए आज कार्यशाला रखी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को अंगदान की शपथ दिलाई गई और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में एएनएम प्रशिक्षणार्थियों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मुख्य

चिकित्सा अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा ''मन की बात'' कार्यक्रम में देशवासियों से अंगदान करने की शपथ लेने का आहवान किया गया था। इसी कड़ी में आज का कार्यक्रम रखा गया और शपथ दिलाकर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया गया।

0000